University of Lucknow | Centennial Celebrations
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी उत्सव
(A++ Accredited by NAAC)

# Department of Education
**UNIVERSITY OF LUCKNOW**
**Lucknow – 226007 (U.P.) India**

Ref. No. 191/2023

Date: 19.05.2023

## प्रेस विज्ञप्ति

आज दिनांक 19.05.2023 को शिक्षा विभाग/ शिक्षा संकाय, लखनऊ विश्वविद्यालय, द्वारा पी.एच0डी0 (शिक्षाशास्त्र) सत्र 2022–23 के कोर्स वर्क की कक्षाओं का नियमित संचालन आरम्भ किया गया।

कोर्स वर्क की कक्षा के प्रथम दिन विभाग के विभागाध्यक्ष तथा संकायाध्यक्ष प्रो0 दिनेश कुमार द्वारा पी.एच0डी0 कोर्स वर्क का उन्मुखीकरण (Orientation) प्रस्तुत किया गया। जिसमें उन्होंने सभी शोधार्थियों के समक्ष पी.एच0डी0 कोर्स वर्क की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए पी.एच0डी0 कार्यक्रम की नियमावली से परिचित कराया।

पी.एच0डी0 कार्यक्रम के उन्मुखीकरण में उन्होंने बताया कि कोर्स वर्क का उद्‌देश्य भावी शोधार्थियों में शोध क्रियाविधि तथा तकनीकों के कौशलों का विकास करना है। जिससे वे अपने शोधकार्य में उचित शोध क्रियाविधि तथा तकनीकों का चयन करते हुए शोध के वैध तथा विश्वसनीय निष्कर्षों तक पहुँच सकें। शोध कार्य के वैध तथा विश्वसनीय निष्कर्ष ही शिक्षा की दशा एवं दिशा तय करके उसकी गुणवत्ता सम्बर्धन में सहायक सिद्ध होते हैं।

इस दौरान शोधार्थियों ने अपनी जिज्ञासाओं तथा समस्याओं को भी विमर्श में सम्मिलित किया गया तथा विभागाध्यक्ष तथा संकायाध्यक्ष महोदय द्वारा शोधार्थियों की जिज्ञासाओं का प्रभावी समाधान भी किया गया।

19/5/2023

(प्रो0 दिनेश कुमार)
विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष